RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 340 | SUNDAY DATE 28-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**

कैसे खा सकते तरस, इन लोगों पर हाय।
यारी कर ले घास से, तो घोड़ा क्या खाय।
तो घोड़ा क्या खाय, घास वह छोड़े कैसे।
बच जायें या मरें, चाहिए हम को पैसे।
कह साहिल कविराय, हॉस्पिटल सारे ऐसे।
जालिम यदि ना बनें, गुजारा हो फिर कैसे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## मनरेगा खत्म करना पंचायती राज व्यवस्था तथा राज्यों के अधिकार पर हमला : राहुल

### मनरेगा को लेकर सीडब्ल्यूसी की बैठक, मंथन कर बनेगी रणनीति, सोनिया गांधी ने कहा था- केंद्र सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए गरीबों के हक पर हमला किया है और मनरेगा के जरिए करोड़ों लोगों को मिल रहे न्यूनतम रोजगार के



गारंटी के उनके हक को छीना है।

श्री गांधी ने शनिवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में हुई पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा खत्म कर पंचायती राज व्यवस्था में राजनीतिक हिस्सेदारी और वित्तीय पहुंच को खत्म किया है और लोगों को काम पाने का जो अधिकार मिलता था, उस पर हमला किया है।

उन्होंने कहा कि यह राज्यों पर भी केंद्र सरकार का हमला है और यह अधिकारों को छीनने का काम हुआ है जिससे देश को नुकसान होगा। इसके जरिए पैसा राज्यों से छीनकर केंद्र ले रहा है जो देश की आम जनता और संघीय ढांचे के खिलाफ है।

## संक्षिप्त खबरें

### हमले में घायल हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की इलाज के दौरान मौत

**हरिद्वार, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** उत्तराखंड के हरिद्वार के लक्सर इलाके में कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी में हमले में घायल हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की 27 दिसंबर को एम्स ऋषिकेश में इलाज के दौरान मौत हो गई। ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों ने सुबह 7 बजे उन्हें मृत घोषित किया। हमले में दो पुलिस कांस्टेबल भी घायल हुए थे। हमलावर बाइक पर थे और लक्सर फ्लाईओवर पर जाम के दौरान पुलिस वाहन पर गोलियां चलाईं। मामले में दो बदमाश, 28 वर्षीय सन्नी यादव उर्फ शेरा और 24 वर्षीय अजय सैन, को 2 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। दोनों ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर के निवासी और कई आपराधिक मामलों में वांछित थे। वहीं मारे गए विनय के परिवार ने पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनकी बहन सीमा त्यागी और बेटी तन्वी का दावा है कि यह हमला 750 करोड़ रुपये की चोरी और ठेकेदार सुभाष त्यागी से जुड़ी साजिश का हिस्सा था। सीमा के अनुसार, देहरादून से चोरी का सारा माल छुपाने और ईडी की कार्रवाई से बचने के लिए ठेकेदार ने योजना बनाई थी।

### कोहरे के चलते 10 से 20 गाड़ियां आपस में टकराइ, 10 लोगों के घायल होने की सूचना

**लखनऊ, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** उत्तर प्रदेश में इनदिनों कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का कहर जारी है। प्रदेश के गोरखपुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा सहित 30 जिलों में कोहरा छाया हुआ है, जिससे कई जगह विजिबिलिटी करीब शून्य हो गई। बुलंदशहर में घने कोहरे के चलते 10 से 20 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। प्रयागराज, प्रतापगढ़ और श्रावस्ती में भीषण सड़क हादसों में 10 लोगों के घायल होने की सूचना है। प्रतापगढ़ में रोडवेज बस नहर में पलट गई और छह लोग घायल हुए, जबकि श्रावस्ती में दो निजी बसों में टक्कर हुई जिसमें 10 लोग जख्मी हुए। मऊ में दो ट्रक आपस में टकरा गए, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश के कई जिलों में रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। अयोध्या-सीतापुर सहित 23 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है.

### सीएम रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग और पीतमपुरा में किया अटल कैंटीन का उद्घाटन

## बुजुर्ग महिला को हाथों से भोजन कराया



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग और पीतमपुरा क्षेत्र में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कैंटीन में आए लोगों से आत्मीय मुलाकात की और खुद भी भोजन किया। अटल कैंटीन के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने एक गरीब अम्मा को अपने हाथों से भोजन कराया। सीएम रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग के अटल कैंटीन में भोजन किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कीं। तस्वीर में मुख्यमंत्री खाने की टोकन लेती नजर आईं। एक अन्य फोटो में वो भोजन लेते हुए नजर आ रही हैं। वहीं एक में मुख्यमंत्री, प्रवीण खंडेलवाल के साथ भोजन करती दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, शालीमार बाग में आज अटल कैंटीन का शुभारंभ किया और भोजन भी किया। अटल कैंटीन में मात्र 5 रुपए में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के अंत्योदय के विचार से प्रेरित यह पहल दिल्ली के निर्माण और संचालन में जुटे हमारे मेहनतकश भाइयों और बहनों के लिए सम्मान और सहारा है। मुख्यमंत्री ने लिखा, हमारी सरकार शालीमार बाग के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में निरंतर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है, ताकि हर परिवार को सुविधा, हर श्रमिक को सम्मान और हर नागरिक को भरोसा मिले। इस अवसर पर निगम पार्षद अनिता जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में भी अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक बूढ़ी अम्मा से आत्मीय मुलाकात की। साथ ही उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया।

### नोएडा का जेवर एयरपोर्ट 25 से ज्यादा मानकों में फेल, कमर्शियल ऑपरेशन में लगेगा समय

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** नोएडा और नवी मुंबई में एयरपोर्ट बनाने का काम एक साथ शुरू हुआ था। नवी मुंबई एयरपोर्ट का कमर्शियल ऑपरेशन शुरू हो चुका है, लेकिन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अभी और समय लग सकता है। दिल्ली के करीब जेवर में देश का सबसे बड़ा छह रनवे वाला इंटरनेशनल एयरपोर्ट तैयार हो रहा है, लेकिन यहां से उड़ान भरने के लिए यात्रियों को अभी और इंतजार करना होगा। इसका अहम कारण इस एयरपोर्ट के विदेशी सीईओ होने के साथ ही इसके सुरक्षा मानकों पर भी खरा नहीं उतरना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सिक्योरिटी ऑडिट की गई तो यह 25 से ज्यादा मानक फेल पाए गए। इनमें सबसे अहम इसकी करीब 14 किलोमीटर दूरी में बनी पेरीमीटर वॉल भी थी। इसके केवल तकरीबन पांच किलोमीटर हिस्से को ही कंक्रीट का बनाया गया है, बाकी में चेन लिंक फेंसिंग खड़ी कर दी गई है। इसके नीचे से थोड़ी सी खुदाई करके कोई भी जानवर या अराजक तत्व एयरपोर्ट के अंदर रनवे के नजदीक तक जा सकता है। नागर विमानन मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि इस एयरपोर्ट के खुलने में कई बार डेडलाइन मिस हुई है।

### त्यागराज स्टेडियम में सीएम रेखा गुप्ता ने 5100 परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने 5100 परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह सरकार का संकल्प है कि दिल्ली के हर घर में गैस सिलेंडर और गैस कनेक्शन हो। यह हमारा संकल्प है कि सभी बहनों तक उज्ज्वला योजना पहुंचे। हमने यहां 5100 बहनों को इकट्ठा किया और उन्हें गैस कनेक्शन दिए। अब तक 13 हजार महिलाओं को चिह्नित किया गया है, जिन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाएगा। अभी यहां पर 5100 बहनों को गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

### बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने जेपी नड्डा समेत कई बड़े नेताओं से की मुलाकात



**पटना, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** बिहार भाजपा की जिम्मेदारी संभालने के बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पहली बार राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के दौरान उन्हें मिथिला पेंटिंग सौंपी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और बिहार में संगठन के विस्तार और सशक्त बनाने के अभियान को सफल बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। दिल्ली दौरे के क्रम में सरावगी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बिहार के विकास सहित संगठन से जुड़े कई मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बिहार के सम्यक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और संगठनात्मक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0: 21 पिस्टल, 12 हजार शराब के क्वाटर समेत 285 गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

नए साल के आगमन और आगामी गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। राजधानी में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजकतत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है इसी कड़ी में साउथ-ईस्ट जिला पुलिस ने ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत एक व्यापक अभियान चलाते हुए अपराध और अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 285 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 504 अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा जारी विवरण के अनुसार, इस विशेष अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को जड़ से खत्म करना है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 10 संपत्ति अपराधियों और 5 ऑटो-लिफ्टरों को दबोचने में सफलता हासिल की है। इनके



कब्जे से भारी मात्रा में अवैध सामान और हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 21 देशी पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस और 27 धारदार चाकू जब्त किए गए हैं, जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के काम आ सकते थे। नशीले पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ भी इस अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 12,258 क्वार्टर अवैध शराब और लगभग 6.01 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

### मंत्री आशीष सूद ने सुनीं 47 लोगों की शिकायतें, कई मामलों का फोन पर समाधान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

दिल्ली भाजपा की ओर से हर वीकेंड प्रदेश कार्यालय में आम नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे जनसुनवाई कैम्प की कड़ी में शनिवार को दिल्ली सरकार के शिक्षा एवं पावर मंत्री आशीष सूद ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कैम्प के दौरान मंत्री आशीष सूद ने कुल 47 आम नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इनमें से कुछ मामलों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और उनके सरकारी कार्यालयों को सूचित करने को कहा।

अन्य मामलों में उन्होंने पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने अथवा एक सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट अपने कार्यालय को देने के निर्देश दिए।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देश पर मार्च 2025 के पहले सप्ताह से हर शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी का ह्यसहयोग प्रकोष्ठह्न यह जनसुनवाई कैम्प आयोजित कर रहा है।

सहयोग प्रकोष्ठ संयोजक गुलशन विरमानी के अनुसार, पिछले 10 महीनों में 2500 से अधिक लोग अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर चुके हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# थरूर बोले: प्रधानमंत्री की हार, भारत की हार, पाकिस्तान के बदलते खतरे को न करें नजरअंदाज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि विदेश नीति किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर कोई प्रधानमंत्री की हार पर खुश होता है, तो वह असल में भारत की हार का जश्न मना रहा होता है। थरूर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के कथन का हवाला देते हुए कहा, ‛अगर भारत मरेगा, तो कौन जिएगा?‛ उनका यह बयान राष्ट्रीय हितों पर राजनीति से ऊपर उठकर सोचने की अपील के तौर पर देखा जा रहा है।

एक इंटरव्यू में थरूर ने पाकिस्तान से उभरते सुरक्षा खतरों को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव कर रहा है और अब हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक तथा स्टेल्थ हमलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह भारत के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उनके मुताबिक, पाकिस्तान पहले ड्रोन, रॉकेट और मिसाइलों का इस्तेमाल कर चुका है और अब और खतरनाक तकनीकों की ओर बढ़ रहा है। थरूर ने पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति को भी बेहद समस्याग्रस्त बताया। उन्होंने कहा कि वहां नाममात्र की नागरिक सरकार है, जबकि असली सत्ता सेना के हाथों में केंद्रित है। नीति निर्धारण में सेना की भूमिका निर्णायक है, जिसका सीधा असर उसकी विदेश नीति और क्षेत्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण पर पड़ता है।

आर्थिक मोर्चे पर भी थरूर ने पाकिस्तान की कमजोरी की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर करीब 2 प्रतिशत है, जो भारत की 7 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से काफी कम है। यह आर्थिक अस्थिरता भविष्य में पाकिस्तान को जोखिम भरे कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अब कपड़ा और कृषि जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है, जहां भारत पहले से मजबूत है।

थरूर ने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वहां ऊर्जा संकट, महंगाई और निवेशकों के घटते भरोसे जैसी समस्याएं हैं। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग की चर्चाएँ भारत के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने चेताया कि अस्थिर बांग्लादेश भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सॉफ्ट अंडरबेली बन सकता है। कुल मिलाकर, शशि थरूर ने राष्ट्रीय एकता, सतर्क विदेश नीति और पड़ोसी देशों की बदलती रणनीतियों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया।

## चचेरे भाई ने बहन से बनाए संबंध गर्भवती होने पर खिलाई दवा, इलाज के दौरान युवती की मौत

**नोएडा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** उत्तर प्रदेश के नोएडा से एक बेहद संवेदनशील और रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 18 वर्षीय युवती की उसके चचेरे भाई द्वारा जबरन गर्भपात की दवा खिलाए जाने के बाद तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। युवती ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब मृतका के पिता ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, युवती के अपने ही चचेरे भाई के साथ शारीरिक संबंध थे, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई थी। आरोप है कि इस बात को छिपाने के लिए आरोपी ने युवती पर दबाव बनाया और उसे गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाने के कुछ ही समय बाद युवती की हालत गंभीर रूप से बिगड़ने लगी। अत्यधिक रक्तस्राव और दर्द के कारण परिजनों ने उसे 18 दिसंबर को नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालात में सुधार न होने और डॉक्टरों द्वारा स्थिति को चिंताजनक बताने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां कई दिनों तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद 23 दिसंबर को युवती की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। परिजनों के आरोपों और शुरुआती साक्ष्यों के आधार पर थाना सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के सटीक कारणों और दी गई दवा के प्रभाव की पुष्टि हो सके।

## होटल, रेस्तरां, ढाबों में एक बजे तक ही हो सकेगी पार्टी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** 31 दिसंबर की रात को होटल, रेस्तरां, ढाबों, क्लब, बैंक्वेट हॉल में रात्रि एक बजे तक ही लोग पार्टी कर सकेंगे। डीजे पर तेज आवाज में गाने बजाकर उत्पात मचाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। पुलिस ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 30 दिसंबर से लेकर पांच जनवरी तक यह नियम लागू होगा। जो लोग इसका उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ 223ए के तहत कार्रवाई होगी। खुले में शराब पीने पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी। पार्किंग स्थलों में कोई भी वाहन बिना चेकिंग के दाखिल नहीं होगा। कोई भी शराब पीकर वाहन चलाता मिला तो सख्त कार्रवाई होगी।

## 30 सेकंड में लॉक तोड़कर वाहन चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** सिहानीगेट थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की 11 बाइकें बरामद कीं। हालांकि, उन्होंने 20 से अधिक बाइकें चोरी करने की बात स्वीकार की है। शेष बाइकों को बरामद करने का पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाइक का लॉक तोड़ने की फूल सिंह नाम के मैकेनिक से ट्रेनिंग लेकर घटनाओं को रेकी कर अंजाम दे रहे थे। आरोपियों के अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि आरोपियों की पहचान भूड़गढ़ी, मसूरी निवासी वंश, गोविंदपुरम सी ब्लॉक निवासी गजराज, त्यागी चौक घूकना निवासी सोनू उर्फ विशाल व मैकेनिक फूल सिंह निवासी नूरनगर के रूप में हुई है। फूल सिंह व गजराज पर कोई मुकदमा नहीं है। जबकि, सोनू और वंश पर लूट और अपहरण का एक-एक मुकदमा पंजीकृत है। फूल सिंह ने ही वंश, गजराज और सोनू को लॉक तोड़ने की ट्रेनिंग दी थी। तीनों अधिकतम 30 सेकंड में लॉक तोड़ देते थे और अगले 30 सेकंड में वहां से वाहन ले जाते थे। आरोपी ऐसे स्थानों पर खड़े वाहनों को टारगेट करते थे, जहां लोगों की कम चहलकदमी रहती थी। अस्पतालों के आसपास खड़े होने वाले कई वाहनों को भी इन्होंने चोरी किया था। आरोपियों ने नोएडा, कविनगर, क्रॉसिंग क्षेत्र से 20 से अधिक बाइकें चोरी करने की बात स्वीकार की है। इन मामलों में प्राथमिकी दर्ज थीं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों को दबोचा गया। एसीपी ने बताया कि फूल सिंह दोपहिया का अच्छा और जानकार मैकेनिक रहा है। बाइक मिलने के बाद वह उसके अलग-अलग पुर्जे कर देता था। उसके पुर्जे दूसरे मैकेनिकों को बेच देता था। जो वाहन अच्छी हालत में होते थे, उनकी नंबर प्लेट, लॉक आदि बदलकर ग्राहकों को बेच देते थे।

## प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारने के मामले में दीपक अगरौला के भाई पर रिपोर्ट

**लोनी, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र के सभापुर अंडरपास के पास हत्या के मुकदमों में पैरवी कर रहे प्रॉपर्टी डीलर मुकुल बंसल को गोली मारने के आरोप में कुख्यात बदमाश दीपक अगरौला के भाई मुन्ना समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस की पांच टीमें बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि घायल मुकुल बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके परिवार में दो लोगों की हत्या दीपक अगरौला गैंग के सदस्यों ने की थी। दोनों हत्याओं में वह पैरवी कर रहे हैं। इस बात से दीपक अगरौला गैंग के सदस्य नाराज चल रहे हैं। उनकी हत्या की भी योजना है। बृहस्पतिवार को वह सभापुर अंडरपास के पास वाशिंग सेंटर पर कार धुलवाने के लिए रुके थे। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि जब वह कार से निकलकर पास पड़ी कुर्सी पर बैठे तो गांव निवासी जेल में बंद दीपक के भाई राजे उर्फ मुन्ना व उसके दो साथियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।




## गिग वर्कर्स ने किया आह्वान: 31 दिसंबर को देशव्यापी हड़ताल से ठप हो सकती हैं डिलीवरी सेवाएं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले गिग वर्कर्स यानी डिलीवरी पार्टनर्स ने नए साल के जश्न के बीच अपनी मांगों को लेकर बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। अमेजन, जोमैटो, स्विगी और ब्लिंकिट जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स से जुड़े लाखों डिलीवरी पार्टनर्स ने 31 दिसंबर 2025 को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। 25 दिसंबर को हुई सांकेतिक हड़ताल की सफलता के बाद तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इफैट ने इस विरोध प्रदर्शन को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। यदि यह हड़ताल सफल रहती है, तो साल की आखिरी शाम मेट्रो और टियर-2 शहरों में फूड और ग्रॉसरी डिलीवरी सेवाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र एल्गोरिदम कंट्रोल और पारदर्शिता का अभाव है। यूनियन नेताओं का आरोप है कि ऐप आधारित सिस्टम बिना किसी स्पष्ट जानकारी के वर्कर्स का वेतन, टारगेट और इंसेंटिव तय करते हैं। अक्सर बिना किसी वैध कारण के कर्मचारियों की आईडी ब्लॉक कर दी जाती है और तकनीकी समस्याओं या गलत रूट की शिकायतों को सुनने वाला कोई प्रभावी तंत्र मौजूद नहीं है। वर्कर्स का कहना है कि जोखिम उनका है, जबकि नियम और शर्तें कंपनियां अपनी मर्जी से बदल देती हैं। यह डिजिटल अनिश्चितता श्रमिकों के लिए मानसिक और आर्थिक तनाव का कारण बन गई है। विरोध की एक बड़ी वजह 10-मिनट डिलीवरी जैसे अल्ट्रा-फास्ट मॉडल भी हैं। डिलीवरी पार्टनर्स का तर्क है कि चंद मिनटों में सामान पहुँचाने की होड़ उनकी जान जोखिम में डाल रही है।

## एसआईआर की प्रक्रिया पूरी, गौतमबुद्ध नगर में 4 लाख 40 हजार से ज्यादा मतदाताओं के नाम कटेंगे

**गौतमबुद्ध नगर, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** विशेष संघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची की गणना प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 26 दिसंबर को जारी एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर जिले में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में कुल 18 लाख 65 हजार 673 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में मतदाताओं का डिजिटलीकरण, मैपिंग और सत्यापन किया गया है, जबकि लाखों मतदाता नो मैपिंग और एएसडी (अब्सेंट, शिफ्टेड, डुप्लीकेट) श्रेणी में पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जिले की




तीन विधानसभा सीट, 61 नोएडा, 62 दादरी और 63 जेवर, में मतदाता आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 7,71,082 मतदाता हैं, जिनमें से 5,61,764 मतदाता (72.85 फीसदी) के इलेक्टोरल फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। वहीं दादरी सीट पर कुल 7,26,828 मतदाताओं में से 5,62,435 (77.38 फीसदी) और जेवर में 3,67,763 मतदाताओं में से 2,93,470 (79.8 फीसदी) का डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। मैपिंग की स्थिति की बात करें तो जिले में कुल 12,33,316 मतदाताओं (66.11 फीसदी) की मैपिंग की गई है। इसके उलट 1,83,067 से अधिक मतदाता (लगभग 9.81 फीसदी) ऐसे पाए गए हैं, जो नो मैपिंग श्रेणी में शामिल हैं। अकेले नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 59,139, दादरी में 1,01,877 और जेवर में 22,051 मतदाता नो मैपिंग की श्रेणी में दर्ज हुए हैं। इन मतदाताओं को लेकर जिला प्रशासन अब सख्त कदम उठाने जा रहा है। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नो मैपिंग श्रेणी में शामिल 1 लाख 80 हजार से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे।

## कांग्रेस सीडब्ल्यूसी बैठक: खड़गे बोले- मनरेगा खत्म करना गरीबों पर क्रूर प्रहार, देशव्यापी आंदोलन की तैयारी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में दिए अपने वक्तव्य के अंश को साझा करते हुए मोदी सरकार पर लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश इस समय ऐसे दौर से गुजर रहा है, जब चारों तरफ लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट छाया हुआ है और कांग्रेस को भविष्य की रणनीति इसी चुनौती के बीच तय करनी है। खड़गे ने आरोप लगाया कि हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र में मोदी सरकार ने मनरेगा (मनरेगा) को खत्म कर करोड़ों गरीब और कमजोर तबकों को बेसहारा बना दिया। उन्होंने कहा कि यह कदम गरीबों के पेट पर लात मारने और उनकी पीठ में छूरा घोंपने जैसा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करार देते हुए सोनिया गांधी के उस लेख का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने मनरेगा को सर्वोदय की भावना को साकार करने वाला कदम बताया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि 2 फरवरी 2006 को आंध्र प्रदेश के बंडलापल्ली में सोनिया गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह ने मनरेगा की शुरुआत की थी। यह योजना विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम बनी, जिसने ग्रामीण भारत का चेहरा बदला, पलायन रोका और गांवों को अकाल, भूख और शोषण से राहत दी। दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को इस योजना ने सम्मान और भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत में गरीबी से बाहर निकली एक पूरी पीढ़ी मौजूद है, जो मनरेगा की बदौलत पढ़-लिखकर सम्मानजनक जीवन जी रही है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन या राज्यों और राजनीतिक दलों से सलाह-मशविरा किए मनरेगा को खत्म कर नया कानून थोप दिया, ठीक उसी तरह जैसे तीन काले कृषि कानूनों के मामले में किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की जरूरत है और कांग्रेस को इस मुद्दे पर हर कोने में संघर्ष करना होगा। 2015 में भूमि अधिग्रहण कानून और 2020 में तीन कृषि कानूनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संघर्ष और किसानों के बलिदान के बाद ही सरकार को कानून वापस लेने पड़े। खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी पहले ही भविष्यवाणी कर चुके हैं कि मोदी सरकार को मनरेगा दोबारा बहाल करना होगा। संगठनात्मक मुद्दों पर बोलते हुए खड़गे ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत अब तक करीब 500 जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है और अगले 120 दिनों में शेष जिलों में प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गांव हंसनगर (ढाणी गारण) में मिक्सर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना पाँचवें दिन भी जारी

» हरियाणा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

गांव हंस नगर (ढाणी गारण) मार्ग पर एक कंपनी द्वारा मिक्सर प्लांट लगाए जाने विरोधस्वरूप गांव हंस नगर के मौजिज लोगों द्वारा लगाया जा रहा धरना प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला परिषद दर्शन गिरी महाराज और सरपंच प्रतिनिधि रोहतास दुग्गल द्वारा किया गया। इस धरना प्रदर्शन में इन आक्रोशित मौजिज लोगों द्वारा कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया गया। जिला पार्षद दर्शन गिरी महाराज और सरपंच प्रतिनिधि रोहतास दुग्गल ने कहा कि इस मिक्सर प्लांट को यहां से स्थानांतरित करवाकर कहीं और लगवाए जाने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त, हरियाणा सरकार और भारत सरकार के पास शिकायत भेजी जा चुकी है। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर एक अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज भी स्थित है। इस प्लांट से होने वाले प्रदूषण से इस क्षेत्र में बीमारियां पनपेंगी और वातावरण प्रदूषित होगा। इन आक्रोशित मौजिज लोगों ने चेताते हुए कहा कि कंपनी ने 29 दिसंबर तक का समय दिया हुआ है। अगर 29 दिसंबर के बाद मिक्सर प्लांट का निर्माण कार्य जारी रहा तो कंपनी के खिलाफ गांव हंस नगर समेत आसपास गांवों के लोगों द्वारा कड़ा रुख अख्तियार किया जाएगा। इस अवसर पर गांव हंस नगर के अनेक मौजिज लोग भीम सिंह, संदीप, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि जसबीर, ठेकेदार होशियार सिंह, चतर सिंह, कृष्ण कुमार, पंच दलीप सिंह, चंद्रभान, धर्मबीर, पूर्व सरपंच रोहतास, मास्टर छोटू राम व कमल चौहान आदि मौजूद रहे।



# मादक पदार्थों के खतरे पर निर्णायक जीत की ओर अग्रसर पंजाब : मान

» चंडीगढ़, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

पंजाब सरकार ने राज्य में गहराई तक जड़े जमा चुके मादक पदार्थों और संगठित अपराध नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को कहा कि पंजाब निर्णायक रूप से स्थिति को पलट रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 85,418 मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। इसके साथ ही एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस) अधिनियम के तहत अभूतपूर्व 88 प्रतिशत दोषसिद्धि दर और 1 जनवरी, 2025 से 916 गैंगस्टरों की गिरफ्तारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निरंतर प्रवर्तन, कड़ी जांच और शून्य राजनीतिक हस्तक्षेप जमीनी स्तर पर परिणाम दे रहे हैं, जो एक स्पष्ट जीत का संकेत है। पंजाब में मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ चल रही लंबी लड़ाई में बयानबाजी से हटकर परिणामों की ओर रुख करें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को हुई बैठक में कहा कि उनकी सरकार आने के बाद से मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ 63,053 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में नशा के खिलाफ अभियान शुरू होने के बाद से 30,144 एफआईआर दर्ज की गई हैं और पुलिस ने 40,302 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस तरह का पहला अभियान 1 मार्च 2025 को शुरू किया गया था और मादक पदार्थों पर काफी हद तक लगाम लगाने में सफल रहा है।



उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों से निपटने के लिए प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम के तीन सिद्धांतों पर आधारित एक बहुआयामी रणनीति तैयार की गई थी, जिसके परिणाम बेहद फलदायी रहे हैं। इस अभियान के तहत मादक पदार्थों के आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई शुरू की गई और तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। इसी तरह, पिछले साढ़े तीन वर्षों में 5119.94 किलोग्राम हेरोइन, 3,458.53 किलोग्राम अफीम, 5.82 किलोग्राम कोकीन, 82.04 किलोग्राम आइस और 4.98 करोड़ कैप्सूल के साथ-साथ 52.46 करोड़ रुपए की मादक पदार्थों की रकम बरामद की गई है। सीएम मान ने कहा कि राज्य ने 2022 से ही मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और प्रवर्तन, वित्तीय व्यवधान, प्रौद्योगिकी-आधारित पुलिसिंग, दोषसिद्धि सुनिश्चित करना, जनभागीदारी और मानवीय पुनर्वास को मिलाकर एक व्यापक, सतत और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है।

# नया साल: स्त्री-शक्ति, सेवा और अच्छे कर्मों का संकल्प: मोनिका जोहर

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर। नया वर्ष केवल कैलेंडर बदलने का संकेत नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन, आत्मसुधार और समाज के प्रति अपने दायित्वों को नए सिरे से समझने का अवसर भी है।

हर नया साल हमें यह सोचने का मौका देता है कि हम अपने जीवन के साथ-साथ समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं।

आज की स्त्री केवल परिवार तक सीमित नहीं है। वह समाज और राष्ट्र की प्रगति में समान रूप से सहभागी है। उसकी वास्तविक शक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि उसके आत्मसम्मान, संवेदनशीलता और सेवा-भाव में निहित है। आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी स्त्री ही स्वस्थ समाज की नींव रखती है।

स्त्री जब अपनी शक्ति को पहचानकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है, तो वह केवल स्वयं को नहीं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी सशक्त बनाती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और मानवीय मूल्यों के माध्यम से स्त्री समाज में स्थायी परिवर्तन ला सकती है।

नया साल हमें यह भी सिखाता है कि बड़े बदलाव छोटे-छोटे अच्छे कर्मों से शुरू होते हैं। किसी की सहायता करना, किसी को सहारा देना, पीड़ा में साथ खड़ा होना—ये सभी सेवा के रूप हैं। सेवा-भाव से किया गया प्रत्येक कार्य न केवल समाज को मजबूत करता है, बल्कि आत्मिक संतोष भी प्रदान करता है।

इस नए वर्ष में यह संकल्प लेना आवश्यक है कि हम अपने आत्मसम्मान की रक्षा करेंगे, अपनी शक्ति का सकारात्मक उपयोग करेंगे और सेवा व करुणा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएँगे।



जब स्त्री-शक्ति अच्छे कर्मों और सेवा-भाव के साथ आगे बढ़ती है, तब नया साल केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक उन्नति का प्रतीक बन जाता है।

# अक्षय शर्मा की पहल से हल्का उत्तरी 150 बसों के जरिए 12000 श्रद्धालुओं ने टेका फतेहगढ़ साहिब माथा

## चारों साहिबजादों की लासानी शहादत को समर्पित फ्री बस सेवा से सांझी वार्ता का संदेश

» हरियाणा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।





श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों एवं माता गुजरी जी की लासानी शहादत को समर्पित "सफर-ए-शहादत" के तहत हल्का उत्तरी से सेवादार एवं भाजपा नेता अक्षय शर्मा की ओर से शुरू की गई फ्री बस सेवा ने सांझी वार्ता और भाईचारे का मजबूत संदेश दिया। सात दिनों तक चले इस सेवा कार्य के दौरान कुल 150 बसों के माध्यम से लगभग 12,000 श्रद्धालुओं ने श्री फतेहगढ़ साहिब पहुंचकर माथा टेका। इस धार्मिक एवं सामाजिक पहल का समापन आज हुआ, जिसमें अंतिम दिन 40 बसें श्रद्धालुओं को लेकर रवाना की गईं। इस सेवा में जहां बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु शामिल हुए, वहीं हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और इस पहल के लिए अक्षय शर्मा की सराहना की।

इस अवसर पर अक्षय शर्मा ने कहा कि इस सेवा की शुरूआत उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को सिख इतिहास की महानता से अवगत कराने के उद्देश्य से की थी। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए जिस अद्वितीय वीरता और बलिदान का परिचय दिया, उसे केवल याद ही नहीं बल्कि समझना भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि शुरूआत में इस सफर को सीमित बसों के साथ करने की योजना थी, लेकिन सेवा से जुड़ते हाथों ने इसे विशाल रूप दे दिया। ढिल्लों बस सर्विस और औलख बस सर्विस ने निःशुल्क बसें उपलब्ध कराई, वहीं शोभित बब्बर ने ईंधन और कई सहयोगियों ने अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

अक्षय शर्मा ने कहा कि देश-विदेश और पूरी दुनिया में ऐसी लासानी शहादत न पहले कभी हुई है और न ही भविष्य में होगी। उन्होंने उन सभी श्रद्धालुओं और सेवादारों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने गुरु साहिब की पावन धरती फतेहगढ़ साहिब पहुंचकर नतमस्तक होने के साथ-साथ इस छोटे से प्रयास को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि धर्म हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और एक-दूसरे के साथ खड़े होने की सीख देता है। आज पंजाब को पंजाबियत बचाने के लिए आपसी सौहार्द और एकता की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### तुलसी निकेतन में कुत्ते ने एक व्यक्ति के पैर में काटा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** तुलसी निकेतन कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर कुत्ते ने एक व्यक्ति पैर पर काट लिया। व्यक्ति के पैर पर कुत्ते के गहरे दांत लगने से गहरा घाव हो गया। इसके बाद कॉलोनी में डर का माहौल बन गया। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में दो कुत्ते पागल घूम रहे हैं। इसके बाद लोगों ने नगर निगम से शिकायत कर कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ने को कहा। कॉलोनी के सचिव किशन रावत ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। फ्लैट नंबर 1100 के पास शुक्रवार को एक कुत्ते ने लगभग पांच लोगों को काटकर घायल किया। स्थानीय निवासी भीम ने बताया कि कॉलोनी में सीढ़ियों की मरम्मत करने आए 40 वर्षीय सुनील मिस्त्री को दोपहर लगभग एक बजे कुत्ते ने पैर पर काट लिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत उपचार के लिए भेजा। लोगों का कहना है कि एक ही दिन में लगभग पांच लोगों को कुत्तों ने काट लिया है। इसकी शिकायत नगर निगम को कर दी गई है।

### युवक पर पेचकस से वार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** युवक पर पेचकस से वार करने का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला इलाके का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस को मामले में शिकायत नहीं मिली है। दो दबंग युवक पर वार करते हुए नजर आ रहे हैं। 34 सेकंड के वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक भागते हुए सड़क किनारे खड़े युवक पर पेचकस से हमला करने लगता है। पीड़ित युवक खुद को बचाने का प्रयास करता है लेकिन दौड़कर आया दूसरा युवक उसे पकड़ लेता है। दोनों युवक पीड़ित युवक के हाथ पकड़ लेते हैं और एक युवक उस पर पेचकस से वार करता है। पीड़ित युवक खुद को छुड़ाने और बचने का प्रयास करता है। इस जद्दोजहद में वह युवक के साथ सड़क पर गिर जाता है। इसके बाद दूसरा युवक उसे उठाकर फिर से वार करता है। इस दौरान पीड़ित युवक लहूलुहान हो जाता है और हमलावर दोनों युवक वहां से भाग निकलते हैं। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव का कहना है कि मामले में शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### फोन हैक कर खाते से एक लाख रुपये निकाले

**खोड़ा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** साइबर ठगों ने खोड़ा में रहने वाले व्यक्ति का फोन हैक कर खाते से करीब एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित को फोन पर आए मैसेज से ठगी की जानकारी हुई है। पीड़ित ने डॉक्टर का नंबर निकालने के लिए ऑनलाइन संपर्क किया था। संपर्क करने के लिए साइबर ठगों ने ओटीपी लिया था। हरीश शर्मा निवासी महालक्ष्मी गार्डन फेस एक खोड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें नोएडा स्थित एक अस्पताल के डॉक्टर का नंबर चाहिए था। उन्होंने ऑनलाइन नंबर निकाला। चिकित्सक को दिखाने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक फॉर्म भरने के लिए कहा गया। इसके बाद दस रुपये बताए गए खाते में भेजने के लिए कहा। जब वह दस रुपये बताए गए खाते में भेज रहे थे, तब पिन डालने के दौरान उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। कुछ देर बाद मोबाइल फोन सामान्य हुआ तो उनके खाते से दो बार में एक लाख रुपये निकल चुके थे। डिटेल चेक करने पर पता चला कि आरव और मोनू नाम के खातों में रुपये गए हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पीएनबी ने श्रेय फर्म के लोन खातों को फ्रॉड घोषित किया

## 2,400 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने श्रेय इक्विपमेंट फाइनेंस और श्रेय इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस के पूर्व प्रमोटर द्वारा कथित तौर पर 2,434 करोड़ रुपए की लोन धोखाधड़ी की घोषणा की है। यह जानकारी सरकारी बैंक की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई।

एक्सचेंज फाइलिंग में पीएनबी ने बताया कि 2,434 करोड़ रुपए की लोन धोखाधड़ी में से 1,240.94 करोड़ रुपए श्रेय इक्विपमेंट फाइनेंस और बाकी के 1,193.06 करोड़ रुपए श्रेय इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस से जुड़े हुए हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने कहा कि उसने इन लोन के लिए 100 प्रतिशत का प्रावधान किया है। इन दो खातों को फ्रॉड फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर घोषित किया गया है, जिसमें संबंधित पक्षों को लोन देने और लोन के संभावित पुनर्जीवन जैसी अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया है। हालांकि, श्रेय ग्रुप ने धोखाधड़ी के वर्गीकरण के आधार के रूप में फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट को यह कहते हुए चुनौती दी है कि मामला अभी अदालत में विचाराधीन है। पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जैसे अन्य बैंकों ने पहले ही श्रेय कंपनियों से जुड़े लोन खातों को फ्रॉड घोषित कर दिया है। श्रेय ग्रुप 2021 से दिवालियापन समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है, और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 2023 में राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है।




अक्टूबर 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने श्रेय ग्रुप को एनसीएलटी के समक्ष भेजा था, क्योंकि उसे शासन संबंधी समस्याएं और चूक मिली थीं। साथ ही, नियामक ने श्रेय इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस और श्रेय इक्विपमेंट फाइनेंस के बोर्डों को भंग कर दिया था। फरवरी 2023 में एनआरसीएल, एसआईएफएल और एसईएफएल के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभर कर सामने आया, जिन पर ऋणदाताओं का कुल 32,750 करोड़ रुपए का बकाया था।

एनआरसीएल ने फरवरी 2023 में बोली जीती, अगस्त 2023 में एनसीएलटी से मंजूरी प्राप्त की और जनवरी 2024 तक अधिग्रहण को अंतिम रूप दे दिया।

## फटाफट खबरें

### महिला की फंदा लगाने से मौत, पति पर रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** श्यामपार्क एक्सटेंशन स्थित महिला के फंदा लगाने के मामले में भाई की शिकायत पर साहिबाबाद थाना पुलिस ने पति पर रिपोर्ट दर्ज की है। दिनेश चौहान निवासी नोएडा ग्राम चौड़ा ने साहिबाबाद थाने में दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन मोनिका की शादी इशांत निवासी श्याम पार्क एक्सटेंशन साहिबाबाद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही इशांत ने मोनिका को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। दिनेश ने बताया कि 25 दिसंबर को उनकी बहन का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मोनिका की सास ने उन्हें सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचे।

### रेस्तरां में बिना अनुमति पिलाई जा रही थी शराब, मालिक गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** आबकारी की टीम ने बृहस्पतिवार रात को आरडीसी स्थित फ्लॉक ओ क्लॉक रेस्तरां में छापा मारा। रेस्तरां में बिना लाइसेंस हरियाणा मार्का की अंग्रेजी शराब पिलाई जा रही थी। वहां से खुली और सीलबंद बोतलें भी बरामद हुईं। इस मामले में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए रेस्तरां के मालिक हिमांशु निवासी भौंजा पटेलनगर को गिरफ्तार कर लिया है। आबकारी निरीक्षक कीर्ति सिंह ने बताया कि आरडीसी स्थित फ्लॉक ओ क्लॉक रेस्तरां में बिना लाइसेंस शराब परोसे जाने की गोपनीय सूचना मिली थी। घेराबंदी कर रेस्तरां में छापा मारा गया। इस दौरान वहां हरियाणा मार्का की अलग ब्रांड की खाली बोतलें, दो भरी बोतलें, गिलास आदि सामग्री बरामद हुई। वहां मौजूद लोग भाग खड़े हुए।

### कोर्ट परिसर में युवक की पिटाई के मामले में मां-बेटी पर प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** 19 दिसंबर को कोर्ट परिसर में युवक को पीटने के मामले में कविनगर थाने में मां-बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोप है कि मां-बेटी दबंग किस्म की हैं। पहले भी वह कई बार हमला कर चुकी हैं। मुरादनगर निवासी आमिर हफजा ने बताया कि उनका पत्नी से विवाद चल रहा है। इसका वाद कोर्ट में विचाराधीन है। वह 19 दिसंबर को तारीख लेने के लिए कोर्ट के कमरा नंबर छह में गए थे। वह जैसे ही बाहर निकले तो पत्नी नरगिस, उसकी मां शहनाज ने उनको पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह उनको बचाया गया।

### एमएमजी अस्पताल के शौचालय में मिलीं नशे की दवाइयां



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** एमएमजी अस्पताल के सुलभ शौचालय में नशे के इंजेक्शन और 10-10 एमएल की 10-15 खाली वायल के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। शुक्रवार को इस मामले में जब सीएमएस से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया नशे के इंजेक्शन और दवाओं की शिकायत मिली थी। शौचालय में बाहरी लोग इस तरह की गतिविधियां करते हैं। इन शिकायतों के बाद अब अस्पताल को इस गेट को दोपहर बाद से बिल्कुल बंद कर दिया गया है। साथ ही निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

एमएमजी अस्पताल के गेट नंबर- 2 के पास सुलभ शौचालय बना हुआ है। इसका इस्तेमाल मरीजों और तीमारदार के अलावा बाहरी लोग भी करते हैं। इस शौचालय के रोशनदान और आसपास से पेनरामाइनमिलिएट इंजेक्शन की खाली वायल और सिरिंज मिले हैं। चिकित्सकों का कहना है कि यह इंजेक्शन आमतौर पर एलर्जी, खुजली, दवा रिएक्शन के बाद चिकित्सकीय सलाह के बाद दी जाती है। बिना चिकित्सीय सलाह और डाक्टर के पर्चे के नहीं खरीदा जा सकता है। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं है और शंका है कि बाहरी लोग इन दवाओं का इस्तेमाल नशे के लिए कर रहे हैं।

## एक्सप्रेस-वे, एनएच पर पार्क किए गए 119 वाहनों के चालान कर हटवाया

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।



कोहरे की वजह से बढ़ रहे हादसों के मद्देनजर यातायात और आरटीओ प्रवर्तन ने एनएच-9, एक्सप्रेसवे के किनारे खड़े 119 वाहनों के चालान कर उनको वहां से हटवाया गया। इस दौरान सैकड़ों वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए गए। वाहन चालकों को चेतावनी भी दी गई कि वह आगे से किसी भी कीमत पर सड़क किनारे वाहन खड़ा न करें। इससे यातायात प्रभावित होता है और हादसे की स्थिति भी बनती है।

एसीपी यातायात जियाउद्दीन ने बताया कि सड़क किनारे किसी भी कीमत पर वाहनों को पार्क नहीं होने दिया जाएगा। वाणिज्यिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद में अलग-अलग स्थानों पर टीमों ने अभियान चलाकर यह कार्रवाई की। प्रयास किया जा रहा है कि सड़क पूरी तरह साफ रहे। अवैध तरीके से पार्क किए जाने वाले वाहनों से कोहरे में हादसा होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों ने चौधरी मोड़ का निरीक्षण किया। चौधरी मोड़ को मॉडल चौराहे के रूप में विकसित करने पर मंथन हुआ। वहां पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रख कई बिंदुओं पर कार्य करने की योजना तैयार की जा रही है।

# टास्क पूरा कर कमाई के लालच में गंवा दिए 8.16 लाख

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

नंदग्राम थाने के सिहानी गांव के सोनू कुमार को टेलीग्राम पर टास्क पूरा करके कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने 8.16 लाख की चपत लगा दी। आरोपियों ने शुरुआत में कथित होटल का रिव्यू करने पर 120 रुपये दिए। फिर दो हजार निवेश कराकर 2800 भेजे। इसके बाद आरोपियों ने विश्वास जीतकर रकम ट्रांसफर कराई। मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

सोनू कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर को व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। उसमें रिव्यू करके कमाई होने की बात लिखी थी। उन्होंने लिंक खोला तो उसमें कथित होटल का रिव्यू कराया गया। इसके बदले उनको 120 रुपये मिले। फिर आरोपियों ने प्रस्ताव दिया कि टेलीग्राम पर टास्क पूरा करके और कमाई होगी। लेकिन इसमें उनको कुछ धनराशि निवेश करनी पड़ेगी। पहली



बार में उनसे दो हजार रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बदले उनको 2800 रुपये मिले। इसके बाद उनका विश्वास बढ़ गया। आरोपियों ने अपने अलग-अलग खातों में 8.16 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। आरोपी उनसे और पैसे की मांग कर रहे थे लेकिन और पैसे का इंतजाम उनके पास नहीं था। चाहते हुए भी वह अपना पैसा नहीं निकाल पा रहे थे। जबकि, जो एप उनको डाउनलोड कराया गया था, उसमें बढ़ी हुई रकम दिख रही थी। जब ठगों को लगा कि और पैसा मिलने वाला नहीं है तो उन्होंने संपर्क तोड़ दिया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, उसको फ्रीज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### चकमा देकर भट्ठा स्वामी को लगाई 5.50 लाख की चपत

गाजियाबाद। लकड़ी का बुरादा और लेबर भिजवाने के नाम पर भट्ठा स्वामी से 5.50 लाख रुपये की ठगी की घटना सामने आई है। मामले में गोविंदपुरम निवासी धनवीर सिंह ने कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

धनवीर सिंह ने बताया कि उनका भिक्कनपुर में ईंट भट्ठा है। इसलिए उनको लेबर और ईंट पकाई के लिए लकड़ी के बुरादे की जरूरत पड़ती थी। उनकी मुलाकात एक परिचित के माध्यम से मुजफ्फरनगर के भौरा कलां सिसौली निवासी कामिल ठेकेदार से हुई थी। उसने बुरादा और लेबर सप्लाई के नाम पर उनसे 5.50 लाख रुपये ले लिए। पैसा लेने के बाद भी आरोपी ने न बुरादा भेजा और न ही लेबर भेजी।

# गोवा हादसे के बाद दिल्ली में सख्ती: नए साल के लिए बुकिंग बंद, क्षमता से ज्यादा नहीं होगी एंट्री

» दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

नए साल और न्यू ईयर ईव के जश्न से पहले दिल्ली पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। राजधानी के प्रमुख रेस्तरां, क्लब, पब और पार्टी वेन्यू सुरक्षा को लेकर इस बार किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगा। 31 दिसंबर की रात राजधानी के बाजारों, क्लबों और प्रमुख इलाकों में भारी भीड़ उमड़ती है। दोस्त, परिवार और युवा वर्ग नए साल का स्वागत करने के लिए देर रात तक बाहर रहकर जश्न मनाते हैं। इसी को देखते हुए यह तैयारी है।

कुछ दिन पहले ही गोवा के एक नाइट क्लब में हुए हादसे के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। हौज खास, मोती बाग, साकेत, वसंत कुंज, ग्रेटर कैलाश और कनॉट प्लेस से सटे इलाकों में स्थित बड़े रेस्तरां और क्लबों ने सुरक्षा के नियम और सख्त कर दिए हैं। कई जगहों पर पहले से ही एडवांस बुकिंग बंद कर दी गई है, ताकि क्षमता से ज्यादा भीड़ न हो। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए निजी सुरक्षा गार्डों को भी तैनात किया जा रहा है।

### रेस्तरां और क्लबों ने बढ़ाई सुरक्षा, लोग समझें अपनी जिम्मेदारी

कनॉट प्लेस स्थित एक निजी क्लब के मैनेजर ने बताया कि नए साल पर सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को नियंत्रित करना होता है। कई बार लोग बिना बुकिंग के पहुंच जाते हैं, जिससे हालात बिगड़ सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब में केवल तय संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। क्लबों में सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुने गार्ड तैनात किए जाएंगे। गेट पर बैग चेकिंग, मेटल डिटेक्टर और हैंडहेल्ड स्कैनर का इस्तेमाल किया जाएगा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन



ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी सदस्य प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रोटोकॉल को और सख्त करने के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई है।

हौज खास स्थित एक निजी क्लब के मालिक ने बताया कि हमारे वेन्यू पर पहले से ही सख्त आंतरिक सुरक्षा अभ्यास लागू है। विशेषज्ञों ने कहा कि त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान सुरक्षा में थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है। प्रशासन ने कहा कि अगर सभी लोग मिलकर जिम्मेदारी निभाएं तो नए साल का जश्न सुरक्षित और खुशहाल हो सकता है।

### सुरक्षा के लिए 20 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

नए साल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 20 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लगने वाली दिल्ली की सीमाओं के साथ-साथ राजस्थान से सटे इलाकों में भी अतिरिक्त सुरक्षा होगी। इन दिनों पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में लोगों के दिल्ली आने की संभावना रहती है, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

# पेंशनभोगियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करेगी सरकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

केंद्र सरकार 29 दिसंबर को पुणे में 58वीं सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य पेंशनभोगियों के जीवन को सुगम बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने पेंशन नीति और पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण में कई प्रगतिशील उपाय किए हैं। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इन निरंतर प्रयासों के तहत केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे।



सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सुगम ट्रांजिशन को सुविधाजनक बनाने के लिए, सेवानिवृत्ति लाभ, सीजीएचएस, निवेश के तरीके, भविष्य पोर्टल, एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल, पारिवारिक पेंशन, सीपीईएनजीआरएएमएस, अनुभव और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र आदि पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे।

ऐसी उम्मीद है कि महाराष्ट्र में तैनात 350 सेवानिवृत्त कर्मचारी अगले 12 महीनों में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वे इस सेवानिवृत्ति-पूर्व परामर्श कार्यशाला से लाभान्वित होंगे।

इसके अलावा, विभाग सेवानिवृत्त अधिकारियों के लाभ के लिए पेंशनभोगी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इन कार्यशालाओं का उद्देश्य पेंशन वितरण बैंकों/सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है।

सभी पेंशनभोगी संबंधित बैंकिंग सेवाएं प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन खाता खोलने और पेंशन निधि को उनके लिए उपयुक्त विभिन्न योजनाओं में निवेश करने के संबंध में भी मार्गदर्शन करेंगे।

इस बीच, अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कुल नामांकन 8,45,17,419 (30 नवंबर, 2025 तक) तक पहुंच गया है। इस योजना का उद्देश्य गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना है। एपीवाई योजना में 1,000 रुपए, 2,000 रुपए, 3,000 रुपए, 4,000 रुपए या 5,000 रुपए प्रति माह की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन का लचीला विकल्प उपलब्ध है। सरकार और पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने बिहार के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों सहित पूरे देश में एपीवाई के बारे में जागरूकता और इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## फटाफट खबरें

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 693 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसंबर 2025 को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर 693.318 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले भंडार 688.949 अरब डॉलर था। इस वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में इस सप्ताह 1.641 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और ये 559.428 अरब डॉलर तक पहुंच गईं। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव शामिल है। सोने के भंडार में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, जो 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमतों में तेजी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। विशेष आहरण अधिकार 8 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिजर्व स्थिति 4.782 अरब डॉलर तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार से रुपये की स्थिरता बनी रहती है और आयात तथा बाहरी कर्ज भुगतान में आसानी होती है।

### नीदरलैंड्स में टाटा स्टील पर 13,000 करोड़ का मुकदमा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** नीदरलैंड्स की संस्था एसएफडब्ल्यू ने टाटा स्टील की दो डच सहायक कंपनियों के खिलाफ 1.6 अरब डॉलर (करीब 13,000 करोड़ रुपये) का मुकदमा दायर किया है। एनजीओ का दावा है कि कंपनी के यहां स्थापित प्लांट से निकलने वाले जहरीले और हानिकारक उत्सर्जन ने आसपास रहने वाले लोगों की सेहत पर गंभीर असर डाला है। इसके साथ ही प्रदूषण की वजह से वहां की प्रॉपर्टी की कीमतें भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो गई हैं। कंपनी ने आरोपों को बिल्कुल निराधार बताया है। टाटा स्टील का कहना है कि एनजीओ ने अपने दावों के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया। कंपनी ने कहा कि उनके पास मजबूत कानूनी आधार हैं और वह इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार है।

## भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से कश्मीर के सेब किसान चिंतित

» **श्रीनगर, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

भारत और न्यूजीलैंड ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर अंतिम सहमति दी है। इसके तहत दोनों देशों के उत्पाद शुल्क मुक्त या रियायती दरों पर व्यापार कर सकेंगे। खासकर सेब पर कस्टम ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 25 फीसदी कर दी गई है। पहले साल में भारत 32,500 टन न्यूजीलैंड के सेब को 25 फीसदी कस्टम ड्यूटी पर आयात करेगा और यह मात्रा धीरे-धीरे छठे साल तक 45,000 टन तक बढ़ जाएगी। कश्मीर भारत का प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्र है, जहां उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा आता है। राज्य में बागवानी उद्योग का कारोबार करीब 10,000 करोड़ रुपये का है और यह जीडीपी का लगभग 9 फीसदी योगदान देता है। स्थानीय किसान चेतावनी दे रहे हैं कि सस्ते विदेशी सेब के आयात से उनकी बिक्री प्रभावित होगी, खासकर जो सेब कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोर्स में रखे गए हैं।

## कमजोर धारणा के बीच शेयर बाजार ने दिखाए मिश्रित संकेत

**बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में रही कमजोरी**

» **मुंबई, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र का सामना किया। क्रिसमस (25 दिसंबर) के अवसर पर बाजार बंद रहने के कारण सप्ताह में केवल चार दिन का कारोबार हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में कमजोरी देखने को मिली। कम ट्रेडिंग वॉल्यूम और अनिश्चित बाजार धारणा ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को



आशावादी रुख के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 482.7 अंक बढ़कर 85,412.06 पर पहुंच गया, वहीं एनएसई निफ्टी 160.2 अंक बढ़कर 26,126.60 पर कारोबार कर रहा था। दिन के अंत तक सेंसेक्स 638.12 अंक की बढ़त के साथ 85,567.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 206 अंक बढ़कर 26,172.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार में हल्की गिरावट और मुनाफावसूली देखने को मिली। सेंसेक्स 42.64 अंक की गिरावट के साथ 85,524.84 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 26,177.15 पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा शेयरों में बिकवाली और मिले-जुले वैश्विक संकेत अस्थिरता के मुख्य कारण रहे। बुधवार को वैश्विक सकारात्मक रुझानों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के बावजूद बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 116.14 अंक गिरकर 85,408.70 और निफ्टी 35.05 अंक गिरकर 26,142.10 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी देखने को मिली।

## भारत में मैन्युफैक्चरिंग अधिक टेक्नोलॉजी संचालित और वैश्विक मानकों के अनुरूप हुई : पीयूष गोयल



» **दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत में मैन्युफैक्चरिंग अधिक एकीकृत, टेक्नोलॉजी संचालित और वैश्विक मानकों के अनुरूप हो गई है।

इसके साथ ही उन्होंने 2025 में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में हुई प्रगति को सराहते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में व्यापार में आसानी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मायगावइंडिया की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई एक पोस्ट के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि बड़े पैमाने पर उत्पादन, परिष्करण, विश्वसनीयता, स्थानीय मूल्य श्रृंखला, वैश्विक विश्वास और भी बहुत कुछ। यह लेख आपको बताता है कि कैसे मोदी सरकार द्वारा व्यापार में आसानी को बढ़ाने पर दिए गए जोर ने हमारी मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में एक नया मोड़ ला दिया है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक बन गया है, आज घरेलू स्तर पर बिकने वाले 99 प्रतिशत से अधिक फोन अब ह्यमेड इन इंडियाह्व हैं। भारत विनिर्माण मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ रहा है। मायगावइंडिया की ओर से एक्स पोस्ट में कहा गया, ह्वनोएडा में भारत की पहली टेम्पर्ड ग्लास सुविधा की शुरुआत और डब्ल्यूएचपी 88 बख्तरबंद वाहनों की वैश्विक डिलीवरी भारतीय विनिर्माण में बढ़ती आधुनिकता को दर्शाती है। 6 राज्यों में 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी ने भारत के भविष्य के तकनीकी नेतृत्व की नींव रखी है। भारत बैटरी से लेकर सौर मॉड्यूल तक स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को स्थानीय स्तर पर विकसित कर रहा है।

## पिछले महीने सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर रहा होंडा एक्टिवा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

भारतीय बाजार में पिछले महीने होंडा एक्टिवा सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर रहा, लेकिन इसने बेस्ट सेलिंग मोटरसाइकल हीरो स्प्लेंडर को कड़ी चुनौती दी। वहीं, होंडा शाइन और बजाज पल्सर जैसी बाइक को टीवीएस जुपिटर ने कड़ी टक्कर दी।

टॉप 10 टू-व्हीलर्स की लिस्ट में सुजुकी एक्सेस और टीवीएस आइक्यूब जैसे स्कूटर भी रही और सबसे खास बात यह रही कि इन चारों ही स्कूटर की बिक्री में सालाना तौर पर भारी बढ़ोतरी देखने को मिली। अब जरा इनकी पिछले महीने की सेल्स रिपोर्ट भी देख लें, ताकि अंदाजा हो जाए कि स्कूटर कैसे इंडियन मार्केट में कमाल कर रहे हैं। बीते नवंबर महीने में टॉप 10 टू-व्हीलर्स की लिस्ट में 5 मोटरसाइकल, एक मोपेड और 4 स्कूटर्स की मौजूदगी दिखी और इसमें स्कूटर सेगमेंट में होंडा एक्टिवा का जलवा देखने को मिला। हीरो स्प्लेंडर के बाद दूसरा सबके ज्यादा बिकने वाला दोपहिया वाहन होंडा एक्टिवा स्कूटर रहा और इसे 2,62,689 ग्राहकों ने खरीदा। एक्टिवा की बिक्री में सालाना तौर पर 27 फीसदी की तेजी देखने को मिली, क्योंकि पिछले साल नवंबर में इसकी 2,06,844 यूनिट बिकी थी। बीते नवंबर में टीवीएस मोटर कंपनी के धांसू स्कूटर जुपिटर ने स्कूटर सेगमेंट में दूसरा स्थान और ओवरऑल लिस्ट में चौथा स्थान हासिल किया। जुपिटर स्कूटर की कुल 1,24,782 यूनिट बिकी और यह आंकड़ा सालाना तौर पर 25 फीसदी की तेजी के साथ है।

पिछले साल नवंबर में इस स्कूटर की 99710 यूनिट बिकी थी। सुजुकी के पॉपुलर स्कूटर एक्सेस की इंडियन मार्केट में खूब बिक्री होती है और बीते नवंबर में भी 125 सीसी के इस स्कूटर को 67,477 ग्राहकों ने खरीदा।

## कावासाकी निंजा 650 का अपडेटेड 2026 मॉडल लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

अपनी पॉपुलर मिडलवेट स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 650 का कावासाकी ने अपडेटेड 2026 मॉडल लॉन्च कर दिया है। बाइक में डुअल-चैनल एबीएस के साथ ट्रेक्शन कंट्रोल सिस्टम मिलता है। इस बाइक में अब ओबीडी2बी एमिशन नॉर्म्स के अनुरूप अपडेटेड इंजन दिया गया है और ये ई20 पेट्रोल पर भी चल सकेगी। इसकी कीमत एक्स-शोरूम 7.91 लाख रुपए रखी गई है। नए अपडेट के साथ बाइक की कीमत में 14,000 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यह ट्रायम्फ डेटोना 660, यामाहा आर 15 400 और होंडा सीबीआर650आर जैसी मोटरसाइकिल्स को टक्कर देती है। डिजाइन की बात करें तो 2026 निंजा 650 में बहुत बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन इसे फ्रेश लुक देने के लिए नई लिवरी (ग्राफिक्स) का इस्तेमाल किया गया है। बाइक अपने सिग्नेचर लाइम ग्रीन कलर शेड में ही अवेलेबल है। इसमें शार्प ट्विन एलईडी हेडलैंप्स, मस्कुलर फ्यूल टैंक, लेयर्ड फेयरिंग, फेयरिंग माउंटेड ओआरवीएमएस, अंडरबेली एग्जॉस्ट, फ्लश-फिट




विंडशील्ड और अपर काउल दिया गया है, जो इसे एक एग्रेसिव स्पोर्टी लुक देता है। नया ग्राफिक डिजाइन कुछ समय पहले इंटरनेशनल मार्केट में पेश किया गया था, जिसे अब भारत लाया गया है। इसके अलावा लेटेस्ट बाइक में एलईडी टेललाइट्स, फैंसी एल्युमीनियम स्विंगआर्म, फेयरिंग में लगे हैलोजन टर्न इंडिकेटर्स, पीछे की तरफ स्टेप्ड सीट, थोड़ा सीधा राइडिंग पोस्चर और न्यूट्रल फुटपेग मिलता है। 2026 कावासाकी निंजा 650 में 649सीसी का 4 स्ट्रोक, पैरेलल-ट्विन, डीओएचसी 8 वॉल्व, लिक्विड कूल्ड इंजन दिया गया है.

## आज का सुविचार

ज़िन्दगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद

# फार्महाउस पर बिना अनुमति के चल रही थी पार्टी, आयोजक गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

भोंडसी थाना क्षेत्र में रायसीना में फार्म हाउस पर बिना अनुमति पार्टी आयोजित करने पर गुरुग्राम पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को रावली रायसीना स्थित ए-58 फार्म हाउस में आयोजित पार्टी में अवैध रूप से शराब व मादक पदार्थ का प्रयोग करने सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर बादशाहपुर के सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र फोगाट के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने कार्रवाई की। पुलिस ने फार्म हाउस से 130 ग्राम चरस, 101 बोतल बीयर, 23 बोतल अंग्रेजी शराब व म्यूजिक सिस्टम बरामद किया है।

भोंडसी थानाख, सेक्टर-65 थाना, अपराध शाखा सेक्टर-39 व अपराध शाखा सेक्टर-40 की पुलिस ने फार्म हाउस पर दबिश दी। फार्म हाउस में बिना अनुमति के पार्टी चल रही थी और इस पार्टी में काफी संख्या युवक-युवतियां मौजूद थे। पुलिस ने सभी युवक-युवतियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि इस पार्टी का आयोजनकर्ता आनंद है।



पुलिस ने फार्म हाउस में बने एक कमरे से पार्टी के आयोजनकर्ता व गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के वैशाली निवासी आनंद उर्फ एंडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को तलाशी के दौरान फार्म हाउस से काफी मात्रा में शराब की बोतलें मिलीं जोकि आरोपी द्वारा पार्टी में परोसी जा रही थीं। आरोपी से 130 ग्राम चरस, फार्म हाउस से 101 बोतल बीयर व 23 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद होने और बिना अनुमति डीजे बजाकर अवैध तौर पर पार्टी करने पर भोंडसी थाने में एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम व बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

आरोपी आनंद उर्फ एंडी ने पूछताछ में बताया कि पार्टी में सप्लाई करने के लिए वह चरस को एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। पार्टी में इस चरस को देने वाला था। इससे पहले ही पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा और रिमांड पर लेकर मामले में गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि चरस उपलब्ध कराने वालों को भी काबू करके नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

बिना कानूनी इजाजत के फार्म हाउसों में पार्टी आयोजित पाए जाने पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई जा रही है। किसी भी आयोजन को लेकर पुलिस व संबंधित विभागों से अनुमति लेनी होगी। नए साल पर फार्म हाउसों सहित अन्य स्थानों पर बिना अनुमति पार्टी करने, अवैध रूप से शराब परोसने और मादक पदार्थ रखने, बेचने व उपलब्ध कराने वालों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। - डॉ. हितेश यादव, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), गुरुग्राम।

## करोड़ों की पीओएस मशीन नहीं लौटाने पर निदेशक को चेन्नई एयरपोर्ट से दबोचा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

करोड़ों रुपये की पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन बैंक को नहीं लौटाने पर आर्थिक अपराध शाखा-1 ने वेंडर कंपनी के निदेशक को चेन्नई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एलओसी जारी कराया था। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। आरोपी की पहचान अर्जुन राजू (30) निवासी कोयंबटूर (तमिलनाडु) के रूप में हुई। आरोपी सर्वपोज ग्लोबल ई-सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं सर्वटेक प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है।

आर्थिक अपराध शाखा-1 से जांच के बाद डीएलएफ फेज-2 थाना पुलिस को शिकायत मिली थी। जिसमें यूएसए की



अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प के प्रतिनिधि ने कहा कि अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक भारत में एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है। जो क्रेडिट कार्ड जारी करने, सर्विसिंग देने तथा संस्थागत जमा स्वीकार करने जैसी सेवाएं प्रदान करता है। बैंक द्वारा सर्वपोज ग्लोबल ई-सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ पीएओएस टर्मिनल मशीनों को इंस्टॉल करने, परीक्षण करने एवं व्यापारियों को प्रशिक्षण देने के लिए करार किया था। जिसमें बैंक द्वारा वर्ष 2014 से 2019 के बीच कुल 1301 पीएओएस मशीनें वेंडर कंपनी को उपलब्ध करवाई गई थीं।

जिनकी कीमत 1,20,51,193 रुपये थी। वर्ष 2021 में बैंक ने पीएओएस मशीनों के इंस्टॉलेशन का कार्य सर्वटेक प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। जो कि सर्वपोज कंपनी की ही एक अन्य संबद्ध कंपनी थी। जून 2022 में बैंक एवं सर्वटेक कंपनी के बीच किया गया समझौता समाप्त हो गया, किंतु वेंडर कंपनी द्वारा बिना किसी वैध कारण के तथा दुर्भावनापूर्ण मंशा से बैंक की 1301 पीएओएस मशीनें बैंक को वापस नहीं की गईं और उन्हें अपने कब्जे में रखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मीडिया के छात्रों के लिए 15 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप शुरू

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को शीतकालीन इंटर्नशिप का शुभारंभ किया गया। 15 दिवसीय इंटर्नशिप के अंतर्गत छात्र फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग, पेज मेकिंग, टाइपिंग, ग्राफिक, एनिमेशन, थ्रीडी, फिल्म मेकिंग की बारीकियां सीखेंगे। विभाग के संचार क्लब एवं दृश्य क्लब की शीतकालीन इंटर्नशिप में मीडिया और विजुअल कम्युनिकेशन के 40 विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. संजय कौशिक और जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.राजीव कुमार उपस्थित रहे।

### 3100 छात्रों ने दी मिशन बुनियाद के प्रथम चरण की परीक्षा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** जिले में शुक्रवार को मिशन बुनियाद के प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 3100 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में कुल 50 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का था तथा गलत उत्तर पर 1 अंक की नकारात्मक अंकन व्यवस्था लागू थी। कुल परीक्षा 200 अंकों की थी। बुनियाद परीक्षा के लिए जिले से कुल 4222 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें फरीदाबाद ब्लॉक से 2241 और बल्लभगढ़ ब्लॉक से 1989 विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। इस साल आवेदनों की संख्या पिछले साल की तुलना में कहीं ज्यादा है। वर्ष 2023 में करीब 1600 और 2024 में 1895 छात्रों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किए थे। इस बार करीब दो गुना छात्रों के आवेदन प्राप्त हुए। परीक्षा के लिए में कुल आठ केंद्र बनाए गए थे। फरीदाबाद खंड के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 28, राजकीय गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी पांच, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरीदपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी एक तिकोना पार्क सहित कुल चार केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन हुआ।

## खिड़की से बंधी चुन्नी से बच्चे को लगा फंदा, मौत

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

सारन थाना इलाके की पर्वतीय कॉलोनी में खिड़की से बंधी चुन्नी से खेलते समय फंदा लगने से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के वक्त बच्चे के पिता सामने बैठकर कुछ काम कर रहे थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि खेलने के दौरान ये हादसा हुआ है। पुलिस टीम मामले में कार्रवाई कर रही है।

पर्वतीय कॉलोनी में हादसा बृहस्पतिवार रात में हुआ। यहां रहने वाले दिलीप कुमार कारोबारी हैं। उनके तीन बच्चों में सबसे छोटा 8 साल का निशांत कमरे में खिड़की से चुन्नी बांधकर खेल



रहा था। चुन्नी का दूसरा किनारा निशांत पेट पर बांध था।

कमरे में ही दिलीप कारोबार से जुड़ा हिसाब-किताब कर रहे थे। इसी दौरान बच्चे का पैर फिसल गया और पेट पर बंधी चुन्नी गले तक पहुंच गई और फंदे लग गया। इससे बच्चा बेहोश हो गया।

## फीस न भरने पर जीयू की महिला खिलाड़ियों को किया बाहर

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित हो रही नॉर्थ ईस्ट जोन वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता से गुरुग्राम विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों को बाहर कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता 26 दिसंबर से शुरू हो चुकी है। खिलाड़ियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण पांच हजार रुपये शुल्क नहीं जमा हो सका, जिससे वह इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकीं।

खिलाड़ियों का कहना है कि विश्वविद्यालय की ओर से स्पोर्ट्स फीस समय पर जमा नहीं कराई गई। लड़कों की फीस तो जमा कर दी गई लेकिन चयनित महिला खिलाड़ियों की फीस नहीं भरी गई। जिले से दो महिला खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ था लेकिन फीस न भरने के कारण वे पंजाब विश्वविद्यालय में चल रही प्रतियोगिता में एंट्री तक नहीं ले सकीं। गुरुग्राम विश्वविद्यालय की खेल डिपार्टमेंट हेड डॉ. सुनीता कोक ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महिला खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में जाने से पहले विश्वविद्यालय से संपर्क नहीं किया। उन्होंने बताया कि इस समय विश्वविद्यालय में परीक्षाएं भी चल रही हैं। लड़कों की ओर से समय रहते संपर्क किया गया था, इसलिए उनकी फीस जमा कर दी गई।

## साइबर ठगों ने 6 लोगों से ठग लिए 8 .03 लाख रुपये

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 6 लोगों से 8.03 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। ठगों ने टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश पर मुनाफे, क्रिप्टो करंसी में निवेश पर मुनाफा दिलाने समेत अन्य बहानों से ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

पहले मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बल्लभगढ़ इलाके के रहने वाले अरुण कुमार ने दी है। इनका आरोप है कि 28 जुलाई को ठग ने इनसे टेलीग्राम पर संपर्क किया। आरोपी ने क्रिप्टो करंसी में निवेश पर मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने 3.60 लाख रुपये निवेश करा लिए लेकिन बाद में रिफंड नहीं मिला तो ठगी का अहसास हुआ।

दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बल्लभगढ़ इलाके के रहने वाले 27 साल के युवक ने दी है। युवक का कहना है कि 23 अक्तूबर को ठग ने इनके बैंक खाते से 49 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। इनकी जानकारी के बगैर ही बैंक खाते से ये ट्रांजेक्शन हो गई।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-19 के रहने वाले 22 साल के युवक रिषभ ने दी है। युवक का आरोप है कि 28 नवंबर से 2 दिसंबर के दौरान टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर इनसे ठगी कर ली गई। आरोपियों ने 97051 रुपये



**तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-19 के रहने वाले 22 साल के युवक रिषभ ने दी है। युवक का आरोप है कि 28 नवंबर से 2 दिसंबर के दौरान टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर इनसे ठगी कर ली गई।**

निवेश करा लिए लेकिन रिफंड नहीं दिया।

चौथे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-30 के रहने वाले श्याम बाबू ने दी है। इनका कहना है कि 23 दिसंबर को ठग ने कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर संपर्क किया। आरोपी ने मोबाइल पर लिंक भेजकर इनके बैंक खाते से 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए।

पांचवें मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत एनआईटी इलाके की रहने वाली बुजुर्ग महिला ने दी है। इनका आरोप है कि 20 सितंबर को ठग ने इनकी जानकारी के बगैर ही बैंक खाते से 98730 रुपये ट्रांसफर कर लिए। बाद में रुपये कटने का मैसेज आया तो ठगी का पता चला।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA


मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और न्यूकास्टल के खिलाड़ी।

# अनुभवी खिलाड़ियों को एचआईएल में निभानी होगी बड़ी भूमिका : श्रीजेश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।




भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश आजकल हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) एसजी पाइपर्स हॉकी टीम के डायरेक्टर हैं। श्रीजेश का कहना है कि अगर एसजी पाइपर्स को हॉकी इंडिया एचआईएल में अच्छा प्रदर्शन करना है तो अनुभवी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर युवाओं को प्रेरित करना होगा। इन खिलाड़ियों की जिम्मेदारी दबाव के क्षणों में और बढ़ जाती है।

श्रीजेश ने कहा, पिछले सत्र में हमने जीत के साथ शुरूआत की थी पर इसके बाद टीम पिछड़ गयी थी। इसका कारण है कि टीम को संभालने का प्रयास किसी ने नहीं किया। टीम के पास अच्छे नेतृत्व की कमी नजर आयी। उस सत्र में अनुभवी खिलाड़ियों ने आगे आकर कमान नहीं संभाली थी। वहीं इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए। एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों ही वर्ग में पीछे रही है। श्रीजेशने बताया कि पूर्व अंतराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व संभालने के लिए शामिल किया गया है।

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि रूपिंदर को रखने का कारण टीम को एक मेंटर उपलब्ध कराना है। साथ ही कहा कि हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। साथ ही कहा कि वह टीम की तैयरियों से खुश हैं। साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से आंकलन होगा।

साथ ही कहा कि इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उनका मानना है कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में, जिसमें भारत हार गया था, वह बेहतर फैसले ले सकते थे। हालांकि मेरे ज्यादातर फैसले सही थे, यहां तक कि अर्जेंटीना के खिलाफ हमने जो बदलाव किये थे। वे सफल रहे। ।

श्रीजेश ने कहा कि एक खिलाड़ी और एक कोच में काफी अंतर होता है। उन्होंने कहा, मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं, जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है, और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं, और कोच के तौर पर मुझे नए ग्रुप के साथ शुरूआत करनी होगी, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है।

## टी20 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन कर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस

» मेलबन, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।

ऑस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्कप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है। साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी।

## एक दिन में 20 विकेट गिरना टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं: टॉड ग्रीनबर्ग

» मेलबर्न, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।



मेलबर्न में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट शुरू हुआ। टेस्ट के पहले ही दिन 20 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों टीमों की पहली पारी शुक्रवार को ही समाप्त हो गई। एक दिन में 20 विकेट गिरने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने निराशा जताई है।

टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि एक दिन में 20 विकेट गिरना टेस्ट फॉर्मेट की समाप्ति का कारण बन सकता है।

ग्रीनबर्ग ने सेन क्रिकेट से कहा, आप कह सकते हैं कि कल रात मुझे ठीक से नींद नहीं आई। जब भी किसी टेस्ट मैच में इतने विकेट गिरते हैं, तो यह खेल को छोटे फॉर्मेट की ओर ले जाता है, जो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया नहीं देखना चाहता, क्योंकि यह खेल और व्यापार दोनों के लिए नुकसानदायक है।

उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट साफ तौर पर लंबा चले। मैं बल्ले और गेंद के बीच थोड़ा संतुलन देखना चाहूंगा। मुझे लगा कि पहले दिन गेंद का प्रभाव ज्यादा था। यह हमारे सामने एक चुनौती के समान है।

दर्शकों की बड़ी संख्या पर ग्रीनबर्ग ने कहा, यह टेस्ट क्रिकेट का एक शानदार दिन था, एमएसजी में रिकॉर्ड 94,000 लोग जमा हुए। रिकॉर्ड संख्या में आए लोगों को नया अनुभव मिला। हमारी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि हम उन अनुभवों को दिन-ब-दिन जारी रख सकें।

ग्रीनबर्ग की चिंता इस बात को लेकर है कि अगर एक दिन में 20-20 विकेट गिरेंगे तो टेस्ट मैचों के लिए निर्धारित 5 दिन की अवधि में कमी करने का दबाव बढ़ेगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में भी दूसरे दिन के दूसरे सेशन की शुरूआत में ही 132 पर सिमट गई। इससे पहले पर्थ में एशेज 2025-26 के पहले टेस्ट के पहले दिन 19 विकेट गिरे थे।

# बॉलीबुड में ग्लेमर का तड़का


अनन्या पांडे


एमी जैक्सन

## फटाफट खबरें

### इजरायल ने किये लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले

**यरुशलम, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** इजरायल के रक्षा बलों ने कहा है कि उसने शुक्रवार को लेबनान के कई इलाकों में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। इजराल के कान टीवी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट बताया कि ये हमले पूर्वी लेबनान की बेका घाटी और देश के दक्षिण में जेजीन ज़िले में किए गये। इजरायली सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि निशाना बनाए गये ठिकानों में से एक हिज्बुल्लाह की एलीट यूनिट, रादवान फोर्स का प्रशिक्षण परिसर शामिल है। साथ ही हिज्बुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों के डिपो, सैन्य ढांचे और अन्य अवसंरचनाओं भी निशाना बनाया गया। इजरायली सेना ने दावा किया कि हिज्बुल्लाह के ये ठिकाने और सैन्य प्रशिक्षण इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन हैं और इजरायल के लिए खतरा हैं।

### भ्रष्टाचार के मामले में मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब को 15 साल की कैद

**कुआलालंपुर, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को शुक्रवार को सत्ता के दुरुपयोग के चार मामलों में 15 साल जेल की सजा सुनाई गयी। मलेशिया के उच्च न्यालायल ने उन पर 11.4 अरब रिंगिट (2.82 अरब अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना भी लगाया है, जो आरोपों में शामिल रिश्वत की रकम का पांच गुना है। श्री रजाक पर 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमबीडी) से जुड़े एक मामले में सत्ता के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। हवाला कारोबारह के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए श्री नजीब को हर आरोप के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गयी है। हालांकि, इस मामले में उन पर कोई जुमार्ना नहीं लगाया गया है। पीठासीन न्यायाधीश कॉलिन लॉरेंस सेक्वेराह ने आदेश दिया कि जेल की सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। गौरतलब है कि जुलाई 2020 में नजीब को सरकारी निवेश कोष 1एमडीबी की पूर्व इकाई एसआरसी इंटरनेशनल से जुड़े सत्ता के दुरुपयोग के लिए 12 साल जेल की सजा और 2100 लाख रिंगिट (444 लाख अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया था।

### ह्लऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी भारत विरोधी गतिविधियों में सक्रिय: खुफिया रिपोर्ट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।** ऑस्ट्रेलिया में इस साल जुलाई, अगस्त और दिसंबर के महीनों में खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों में तेजी देखी गई। अराजक तत्वों ने न केवल खालिस्तान के झंडे लहराए, बल्कि भारत विरोधी नारे लगाए और तोड़फोड़ भी की। इससे भारतीय समुदाय में गुस्सा है। खुफिया एजेंसियों ने ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान आंदोलन के तेजी से बढ़ने पर चिंता जताई है। एजेंसियों का कहना है कि कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में खालिस्तानी संगठन की गतिविधियों में कमी आई है और पिछले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। खालिस्तानी तत्व अपने बहुत सारे संसाधन ऑस्ट्रेलिया में लगा रहे हैं और हाल में वहां हुईं हिंसा घटनाएं इसका साफ संकेत हैं।

# बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट का दावा, दो हमलों में छह पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया

» **क्वेटा, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**



बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने दावा किया है कि उसने दो अलग-अलग हमलों में पाकिस्तान के छह सैनिकों को मार गिराया। ये हमले बलूचिस्तान के ओरमारा और सुराब इलाके में किए गए थे।

वहीं, बलूच रिपब्लिकन गाड्र्स (बीआरजी) ने भी दावा किया कि उसने प्रांत के कच्छी जिले में पुलिस पर ग्रेनेड हमला किया था।

शुक्रवार को जारी एक मीडिया बयान में, बीएलएफ प्रवक्ता मेजर ग्वाहरम बलूच ने बताया कि बीएलएफ के लड़ाकों ने 25 दिसंबर की शाम को सुराब बाजार में पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस के जॉइंट चेकपॉइंट पर गोलीबारी की थी, जिससे दो जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए थे। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप ने कहा कि उसके लड़ाकों ने उसी दिन ओरमारा के बसोल इलाके में एक पाकिस्तानी मिलिट्री कैंप पर भी हमला किया था। बयान में आगे कहा गया कि बीएलएफ की एक स्नाइपर टीम ने शुरू में छावनी की सिक्योरिटी पोस्ट पर तैनात एक पाकिस्तानी सैनिक को गोली मारी, फिर कुछ मिनट बाद दूसरी टीम ने ग्रेनेड और भारी हथियारों से हमला किया।

ग्रुप ने दावा किया कि तीन और जवान मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बीएलएफ के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में मशीन-गन से फायरिंग की और अलग-अलग दिशाओं में मोर्टार दागे, और ऑपरेशन पूरा होने के बाद उसके लड़ाके सुरक्षित वापस लौट आए। बीएलएफ के अनुसार, संगठन अपने शहीदों का मिशन पूरा होने तक संघर्ष जारी रखेगा।

एक अलग बयान में, बलूच रिपब्लिकन गाड्र्स (बीआरजी) ने दावा किया कि उसने शुक्रवार को कच्छी जिले के धादर शहर में पुलिसवालों पर ग्रेनेड हमला किया था। बीआरजी के प्रवक्ता दोस्तैन बलूच ने कहा कि उसके लड़ाकों ने पुलिस टुकड़ी पर हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया जिससे कब्जा करने वाले समूह (बीआरजी का दिया नाम) को काफी नुकसान हुआ। इस समूह ने दावा किया कि बलूचिस्तान को आजादी मिलने तक ये हमले जारी रहेंगे। बलूचिस्तान के लोग अभी पाकिस्तान से अपनी आजादी के लिए लड़ रहे हैं।

बलूचिस्तान के कई मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार पाकिस्तानी सेना के जुल्म को सामने लाने का काम किया है।

## पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के लिए तालिबानी नेता हक्कानी ने दिए संकेत

» **काबुल, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**

अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान की ओर से पाकिस्तान को रिश्ते पटरी पर लाने का ऑफर दिया है। पाकिस्तान को सुलह का संकेत देकर अफगान तालिबान सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ नहीं हो रहा है। अगर किसी को ऐसा लगता है या कोई गलतफहमी है, तब हम उसका शक को दूर करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, काबुल में हक्कानी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना बातचीत के दरवाजे खुले होने का ऐलान किया है। इससे दोनों देशों के रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद लगा रहे हैं। दोनों देशों में हालिया महीनों में कई दफा बॉर्डर पर गोलीबारी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बीते दो माह से व्यापार भी काफी हद तक बंद है।

तालिबान ने कहा कि उनकी सरकार दोहा समझौते का पालन कर रही है। अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ नहीं होने दे रही है। यह टीटीपी के मुद्दे पर पाकिस्तान को समझाने की कोशिश है।

# जेलेंस्की ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को दी 60 दिन की शर्त

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**



रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगर रूस कम से कम 60 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमत होता है, तो वह इस संकट को खत्म करने के लिए एक शांति योजना पर जनमत संग्रह कराने के लिए तैयार हैं।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार शुक्रवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस के साथ एक फोन इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि वह अब भी हालात को बेहतर करने के लिए बातचीत करना चाहेंगे, लेकिन अगर प्लान में इस मुद्दे पर बहुत मुश्किलह्व फैसला लेने की जरूरत पड़ती है, तो उनका मानना है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा रास्ता पूरे 20-पॉइंट वाली शांति योजना को जनमत संग्रह के लिए रखना होगा। उन्होंने कहा कि वोट कराने के लिए 60 दिन का सीजफायर कम से कम जरूरी है, क्योंकि ऐसे जनमत संग्रह में बड़े राजनीतिक, लॉजिस्टिकल और सुरक्षा से जुड़े पेंच होंगे। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जब वे रविवार को अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे तो इस संकट को खत्म करने के लिए एक फ्रेमवर्क पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका-यूक्रेन के द्विपक्षीय समझौतों के ज्यादातर पहलू अब तय हो गए हैं और उन्हें पांच दस्तावेजों में कोडिफाई किया गया है, हालांकि एक छठा दस्तावेज भी जोड़ा जा सकता है।

यूक्रेन में शांति बहाल होने के बाद सुरक्षा गारंटी की अवधि के बारे में अमेरिकी प्रशासन ने 15 साल के समझौते का प्रस्ताव दिया है जिसे रिन्यू किया जा सकता है। जेलेंस्की ने एक्सियोस से कहा, मुझे लगता है कि हमें 15 साल से ज्यादा की जरूरत है।

जेलेंस्की ने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन दोनों सुरक्षा गारंटी को मंजूरी के लिए अपनी-अपनी विधायिकाओं के सामने लाएंगे।

## स्कूली कॉन्सर्ट में उपद्रवी जबरन घुसे, रोकने पर कर दी पत्थरबाजी, करीब दो दर्जन घायल

» **ढाका, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**



बांग्लादेश में सांस्कृतिक आयोजनों पर बढ़ते हमलों के बीच एक और चिंताजनक घटना सामने आई है। फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात देश के मशहूर रॉक स्टार जेम्स (नागर बाउल) के कॉन्सर्ट के दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने भीषण हमला कर दिया। यह हिंसक घटना फरीदपुर जिला स्कूल की 185वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के दौरान हुई।

हमले के बाद मची अफरातफरी और सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन को बीच में ही कार्यक्रम रद्द करने का निर्णय लेना पड़ा।

घटनाक्रम के अनुसार, रॉक स्टार जेम्स रात करीब 9:30 बजे मंच पर अपनी प्रस्तुति देने के लिए तैयार थे। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में छात्र और संगीत प्रेमी मौजूद थे। इसी दौरान बाहरी लोगों के एक बड़े समूह ने जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने का प्रयास किया। जब सुरक्षाकर्मियों और आयोजकों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो भीड़ उग्र हो गई। हमलावरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संगीत आयोजनों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मंच की ओर पत्थर, ईंटें और कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। उपद्रवियों का मुख्य उद्देश्य मंच पर कब्जा करना और संगीत कार्यक्रम को रोकना था।

इस अचानक हुए पथराव में कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में अधिकांश फरीदपुर जिला स्कूल के छात्र और स्वयंसेवक शामिल हैं, जिन्हें सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने बेहद आक्रामक रुख अपना रखा था, जिससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्धविराम, समझौते पर किए हस्ताक्षर

» **चांथाबुरी, यूटर्न/ 27 दिसम्बर।**



थाईलैंड के रक्षा मंत्री नत्थापोन नाकपानिच और कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री टी सिया ने शनिवार को थाईलैंड के चांथाबुरी प्रांत में एक बॉर्डर चेकपॉइंट पर सीजफायर समझौते पर साइन किए।

शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने शुक्रवार रात को तीसरी स्पेशल कंबोडिया-थाईलैंड जनरल बॉर्डर कमेटी की बैठक के जॉइंट स्टेटमेंट के ड्राफ्ट के कंटेंट पर थाईलैंड के साथ सहमति बना ली है, जिसमें आसियान ऑब्जर्वर भी शामिल थे। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीजफायर बातचीत शनिवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 9.40 बजे थाईलैंड के चंथाबुरी प्रांत में एक बॉर्डर चेकपॉइंट पर शुरू हुई। जुलाई में सीजफायर टूटने के बाद 8-9 दिसंबर को हिंसा बढ़ गई, जिसमें थाईलैंड ने फाइटर जेट और तोपखाने से हमले किए और कंबोडिया ने रॉकेट दागकर जवाब दिया। थाईलैंड-कंबोडिया सीमा के विवादित हिस्सों में झड़पों की खबरें आई हैं, खासकर डांगरेक पर्वत श्रृंखला के आसपास, जो उत्तर-पूर्वी थाईलैंड और उत्तरी कंबोडिया तक फैली हुई है। यह सीमा क्षेत्र कई प्राचीन खमेर मंदिरों का घर है, जिनमें से कई सीमा के करीब स्थित हैं। पास के ऊंचे इलाकों पर नियंत्रण को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है, और लड़ाई के इस दौर में इन क्षेत्रों में एक बार फिर सैनिकों की आवाजाही, गोलाबारी और हवाई मिशन देखे गए हैं। इस विवाद की जड़ें 1900 के दशक की शुरूआत में हैं, जब कंबोडिया में फ्रांसीसी औपनिवेशिक प्रशासन के तहत सीमा रेखाएं स्थापित की गई थीं। थाईलैंड का कहना है कि उस समय बनाए गए कुछ नक्शों में सीमा को गलत तरीके से परिभाषित किया गया था और पिछले समझौतों में बताए गए प्राकृतिक जल विभाजक सीमाओं का पालन नहीं किया गया था। विवाद का एक मुख्य बिंदु प्रेह विहार मंदिर बना हुआ है। 1962 में, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने फैसला सुनाया कि मंदिर पर संप्रभुता कंबोडिया की है। हालांकि, फैसले में आसपास की जमीन के मालिकाना हक को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया था, जिससे दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग व्याख्याओं की गुंजाइश रह गई। दिसंबर में तनाव बढ़ने के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं से अलग-अलग बात की है और दावा किया कि वे लड़ाई रोकने पर सहमत हो गए हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *